As one of the Members has suggested, there is a need to evolve a uniform code of conduct for all the universities. In most of the universities there is no uniformity. In the name of autonomy they have been looking after their own affairs. Neither the State Government, the UGC nor the Union Government is looking into the qualitative aspect of the universities thereby the quality of the training being imparted is gradually getting eroded. This is one aspect which we have to look after. The UGC and the State Government are not going into the qualitative examination of some of these universities. So, there is a need to evolve a uniform code of conduct for all the universities

There should also be the qualitative assessment of the teachers available in all the universities. The standard of the teachers available in these universities is also not up to the mark. I had also taught in a university for about 26 years. There is hardly any mechanism or machinery to assess the qualitative aspect of the teachers. One of the aspects which need to be introduced is the qualitative assessment of the teachers, whether they are achieving the excellence as far as standards are concerned. Under the able guidance of the hon. Minister it will certainly be possible to set the things right

Most of the universities are starving for fund. The block grant either from the UGC or from the respective State Government is not being released timely. Some of the universities are starving even to release the salaries of their employees. The maintenance of laboratories or libraries also suffers on this account. I just wanted to bring these few aspects before the august House. Thank you for giving me this opportunity to speak.

**मानव संसाधन विकास मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा महासागर विकास मंत्री (डॉ.मुरली मनोहर जोशी) :** सभापति महोदय, मुझे बहुत प्रसन्नता है कि आज के इस विधेयक में केवल इस विधेयक की, अधिनियम के निरसन के बारे में ही बहस नहीं की गई, बल्कि उच्च शिक्षा से सम्बन्धित बहुत से ऐसे सवाल भी सामने रखे गए हैं, जिन पर यह सदन यथासमय विचार करता, जबकि आगामी बजट के अवसर पर यह मौका आता और उन तमाम प्रश्नों पर हम यहां ि वचार करते। लेकिन फिर भी सवाल उठाए गए हैं और कुछ महत्वपूर्ण सवाल हैं।

एक सवाल उठाया गया कि विश्वविद्यालयों में और महाविद्यालयों में बहुत से अध्यापक चुनाव लड़ते हैं और उसके बाद वापस विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में भी पहुंच जाते हैं। अब यह एक ऐसा सवाल है जिसको अंतरराट्रीय जगत के साथ मिलाकर देखा जाए और भारत की पृठभूमि को भी मिलाकर देखा जाए। हमारे देश में ऐसे बहुत से विश्वविद्यालय हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में बहुत योगदान किया। उस समय यहां के विश्वविद्यालयों के अध्यापकों ने एक राजनैतिक स्वतंत्रता का, स्‍ वाधीनता का वातावरण विश्वविद्यालयों के अंदर बनाया। कोठारी कमीशन ने इस बात की विस्तृत चर्चा की। उनहोंने यह कहा कि राजनैतिक जीवन में देश की राजनैतिक मूलधारा में समाज के सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। इसलिए बौद्धिक जगत से, विश्वविद्यालय से, विज्ञान और टेक्नोलॉजी से एक प्रतिनिधियों की संख्या भारत की विभिन्न विधान सभाओं में और संसद में होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सिफारिशें की थीं, जिसे अनेक राज्यों ने माना। केन्द्र ने भी माना। जो इस दृटि से कानून बने हुए हैं, उनमें बड़ी स्पट व्यवस्थाएं हैं कि किन शर्तों पर विश्वविद्यालयों के अध्यापक चुनाव लड़ सकेंगे और चुनाव जीत जाने की परिस्थिति में उनको क्या करना होगा।

मैं यह मानता हूं कि इस सदन में समाज के हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है। हमारे देश के किसानों का, मजदूरों का, दलितों का और महिलाओं का जहां प्र ातिनिधित्व होना आवश्यक है, वहां आज के वैज्ञानिक युग में समाज से सम्बन्धित टेक्नोलॉजी से लोगों का, कृाि विज्ञान से सम्बन्धित लोगों का, अंतरिक्ष विज्ञान और सूचना तथा प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित लोगों का प्रतिनिधित्व होना भी आवश्यक है। इसलिए इस प्रश्न पर हमें प्रसन्न होना चाहिए कि हमारे देश में अनेक विश्वविद्यालयों से और अनेक स्थलों से प्राध्यापक आगे आए और उन्होंने देश की राजनीति में, संसद की कार्यवाही में विधान सभा की कार्यवाही में बहुमूल्य योगदान दिया है।

एक सम्मानित सदस्य स्वयं अध्यापक हैं। राज्य सभा में भी हैं। यहां अनेक सदस्य ऐसे बैठे हुए हैं जो अध्यापक थे और हैं और मंत्री भी हैं। मैं भी जब पहली बार सदन में चुनकर आया था तो उस समय विश्वविद्यालय का अध्यापक था और बाद में भी जब चुनकर आया, तब भी रहा। इसका तो हमें स्वागत करना चाहिए। इस बात का ध्यान देना चाहिए कि जो व्यवस्थाएं कानून में बनी हुई हैं, उनके विश्वविद्यालयों की कार्य परिदें ठीक ढंग से पालन करें और जिस संख्या में और जिस परिस्थिति में चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए, वह दी जानी चाहिए।

बहुत से राज्यों में अध्यापकों को विधान सभा और विधान परिाद का चुनाव लड़ने में प्रतिबंध है। उन राज्यों में और विश्वविद्यालयों के कानून है, उनमें हम हस्तक्षेप नहीं करते, लेकिन बहुत से राज्य और विश्वविद्यालयों में संसदीय और विधायिका में प्रतिनिधित्व के लिए व्यवस्था है। मैं समझता हूं वह उचित है। इसी सदन में चुनाव लड़ने के लिए प्रोफेसर मेघनाद साह जैसे विद्वान व्यक्ति आए और दक्षिण से अनेक लोग आए।

PROF. UMMAREDDY VENKATESHWARLU : Mr. Minister, if you could yield for half a minute, I would like to make

a submission.

I was one person who had been made to resign. I was teaching in the university for about 26 years. When I wanted to contest the elections, the statutes of my university said that I would have to contest only after resigning my post, no matter whether I win or lose the elections. Whereas in some universities a teacher is allowed to act as a legislator and then come back to teaching. That is why there is a necessity to bring about a uniform code throughout the country. There is also a necessity to have representation of various universities in legislatures. You better have it as this is one of the good measures.

**डा. मुरली मनोहर जोशी :**हमारी मान्यता यह है कि यह व्यवस्था ठीक है, जायज है और रहनी चाहिए। कुछ मित्रों ने कहा कि आजकल इस सरकार की तरफ से विश्वविद्यालयों में वातावरण को दूति किया जा रहा है, साम्प्रदायिकता फैलायी जा रही है, हिडन एजेंडा लागू किया जा रहा है। मैं विनम्रता से कहना चाहता हूं कि इस सरकार ने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति के लिए जो भी चयन समितियां, सलेक्शन कमेटीज बनाई हैं, उन सबके अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस रहे हैं। जस्टिस जे.एन.वर्मा, जस्टिस पाठक, जस्टिस भगवती ये नाम हैं जो विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की चयन समितियों के अध्यक्ष रहे हैं। इससे अधिक ट्रासपेरेंसी और क्या हो सकती है? बाकी नाम तो विश्वविद्यालयों के लोग अपने यहां से भेजते हैं। नियम यह है कि विश्वविद्यालयों की तरफ से दो नाम आते हैं और एक नाम विजिटर की तरफ से आता है जो कि हमारे देश के महामहिम राट्रपति जी हैं, उनको हम सिफारिश करते हैं।

मैं जब से इस मंत्रालय में आया हूं, एक भी सलेक्शन कमेटी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के सिवाय किसी नये विश्वविद्यालय को छोड़कर क्योंकि जब कोई नया विश्वि वद्यालय बनता है, उसमें तो मिनिस्टर का अधिकार होता है, बाकी का अधिकार राट्रपति महोदय का है। हमारी सिफारिश हमेशा सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस के लिए रहती है और मुझे खुशी है कि उन्होंने हमेशा उनकी नियुक्ति की है। मैं नहीं समझता कि आज से पहले कभी भी किन्हीं भी विश्वविद्यालयों की चयन समितियों में इतनी पारदर्शिता रही हो जितनी आजकल रही है तथा मैं चुनौती के साथ कहना चाहता हूं कि हमारी जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं, उनमें किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप मंत्रालय की तरफ से कभी नहीं हुआ और जब तक मैं मंत्री रहूंगा तब तक कभी वाइस चांसलर की नियुक्ति में कोई हस्तक्षेप नहीं करूंगा, किसी भी संस्था के अध्यक्ष को बनाने में चाहे वह एनसीईआरटी हो या सीबीएसई हो, कोई भी संस्था हो, हमने इस मामले में चयन की पारदर्शिता को कभी खंडित नहीं होने दिया। मैं इस बारे में विश्वास के साथ, पूरी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि वही व्यवस्था हम आगे रखेंगे। आप अच्छी व्यवस्था के लिए सुझाव देंगे तो हम उस पर भी ि वचार करेंगे लेकिन मेरा निश्चित मत है कि विश्वविद्यालयों और शिक्षा संस्थाओं में नियुक्तियों के मामले में बाहरी हस्तक्षेप मैरिट के अतिरिक्त और किसी कारण से नहीं होने चाहिए। अब अन्दरूनी नियुक्तियों के बारे में हमारा अधिकार नहीं होता, विश्वविद्यालय की अपनी प्रक्रियाएं हैं, उनके हिसाब से नियुक्तियां होती हैं लेकिन मैं पूरे भरोसे के साथ कहना चाहता हूं कि अगर सम्मानित सदस्य मेरे सामने किसी केन्द्रीय विश्वविद्यालय का ऐसा मामला लाएंगे जिसमें चयन समितियों के द्वारा की गई नियुक्तियों में मैरिट के अलावा किसी राजनैतिक कारण का या राजनैतिक आधार का सहारा लिया गया हो तो मैं अवश्य उस मामले में उन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को सावधान करूंगा कि ऐसा नहीं होना चाहिए लेकिन मुझे आश्चर्य है कि यह बात ऐसे सम्मानित सदस्य कह रहे हैं जिनकी अपनी सरकार के अंदरâ€¦( व्यवधान)

SHRI M.O.H. FAROOK (PONDICHERRY): I can give you facts and figures.

Anita

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: You can give me; I will have them examined. But what about those Governments which appoint Vice-Chancellors purely on the basis of party affiliations? What about those Governments which appoint non-Sanskrit scholars as Vice-Chancellors of Sanskrit Universities? What about those who are violating all recommendations and all procedures of appointment?

इनको तो कम से कम यह बात नहीं कहनी चाहिए थी। मैं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की बात कर रहा हूं, अगर आप किसी राज्य विश्वविद्यालय की बात करेंगे तो माफ कीजिए वह मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं हैं, वह राज्य के कानून के अंतर्गत काम करते है लेकिन मैं वहां के कुलाधिपति और कुलपति को आपकी भावनाओं से अवगत करा दूंगा और उसकी जांच करा दूंगा। लेकिन जो चयन समितियां केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में बनाई जाती हैं उनका निर्णय भी राट्रपति जी करते हैं और हम जो उन्हें पैनल भेजते हैं उनमें से वे जिसे भी नियुक्त कर दें, उसमें हमने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। अगर वे कभी दूसरी राय भी रखते हैं तो हमने हमेशा उसका आदर किया है। इसलिए मैं आपको बहुत स्पट रूप से कहना चाहता हूं कि आज तक हमने कभी भी महामहिम राट्रपति जी की राय पर हस्तक्षेप नहीं किया। यह कहा जाता है कि हम कोई हिडन एजेंडा लागू कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम न तो केन्द्रीय सरकार तय करती है और न ही यूजीसी तय करती है। यूजीसी एक ब्रॉड फ्रेमवर्क देती है कि ये कोर्सेस होने चाहिए और उसमें इस स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम होने चाहिए। पाठ्यक्रम क्या हो, वह विश्वविद्यालयों के अध्यापक अपने बोर्ड ऑफ स्टडीस से पाठ्यक्रम समिति के माध्यम से तय करते हैं और फिर वे उनकी विद्वत परिाद से, एकेडेमिक काउंसिल से स्वीकृत होते हैं। उसके बाद वे पाठ्यक्रम लागू होते हैं, कोई पाठ्यक्रम सरकार के कहने से लागू नहीं किया जा सकता है। हां, कुछ सरकारें ऐसी जरूर हैं कि जहां पार्टी के आफिस बेयरर की राय से अध्यापक नियुक्त किया जाता है, वहां से बिना क्लियरेंस लिए प्राइमरी स्कूल का मास्टर भी नियुक्त नहीं होता, विश्वविद्यालयों के अध्यापक होने की बात तो दूसरी है। वहां जरूर पाठ्यक्रम ऐसे ही तय होते हैं। मेरे पास वहां के पाठ्यक्रमों की पुस्तकें हैं, जिन्हें मैं दिखा सकता हूं कि वहां क्या पढ़ाया जा रहा है। भारत के स्वाधीनता इतिहास को किस तरह से विकृत किया जा रहा है और उसमें किन नेताओं के संबंध में देश के महान नेताओं के बारे में क्या लिखा जा रहा है तथा यहां के महापुरुों के बारे में क्या लिखा जा रहा है, उसका फैसला तो यह देश करेगा।...(व्यवधान)

**श्री रूपचन्द पाल (हुगली)** : इसकी एक दिन पार्लियामेंट में चर्चा हो जाए।

**डा. मुरली मनोहर जोशी** : कई बार हो चुकी है।

MR. CHAIRMAN : Shri Rupchand Pal, the Minister is not yielding.

...(*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Shri Rupchand Pal, please sit down. मैंने आपकी बात बहुत शांति से सुनी है, कृपया आप भी मेरी बात शांति से सुनिए।...(व्यवधान) यह भी कहा गया कि यह सरकार शिक्षा को प्राइवेटाइज़ करना चाहती है, हमने तो कभी शिक्षा को प्राइवेटाइज़ नहीं किया। मैं माननीय सदस्य को यह भी बताना चाहता हूं कि न ही हम शिक्षा को कोई कमोडिटी समझते हैं, हम शिक्षा को शिक्षा समझते हैं और शिक्षा के उद्देश्य को समझते हैं तथा शिक्षा को एक बेहतर भारतीय समाज और मानवीय समाज बनाने की दृटि से काम कर रहे हैं।

महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हमने अभी तक एक भी कदम उस नीति से हट कर नहीं उठाया है जो सदन ने 1986 में न्यू एजूकेशन पॉलिसी के नाम पर तय की थी। हमने जो कुछ किया है उस नीति के अंतर्गत किया है क्योंकि वह नीति सदन से अनुमोदित हुई थी। अगर हमारे पाठ्यक्रम के फ्रेमवर्क में, जो मैंने हिन्दुस्तान के सभी मुख्यमंत्रियों को भेजा है और हिन्दुस्तात के सभी पोलिटीकल पार्टियों के नेताओं को भेजा है, उनसे कहा है कि आप हमें इसमें बताएं कि आपको इसमें क्या आपत्तिजनक लगता है और क्या संशोधन की जरूरत है। हमने बिलकुल खुल कर डिबेट की है और उसका एक भी वाक्य आप हमें दिखा दें कि वह इस सदन के द्वारा अनुमोदित नीति के विरूद्ध है या उससे हट कर है तो हम उसे वापस कर देंगे। यह हमने खुलेआम कहा है, उस पर बहस हो जाए। हमने सब को डाकुमेंट्स भेजे हैं, हम शिक्षा मंत्रियों से बात कर रहे हैं। जिस समिति ने उसके बारे में तय किया था, उसने देश के आठ-दस शहरों में जाकर डिबेट की है। इसलिए आप कोई कृत्रिम, मसहोई बात कहते रहे, एक नैराश्य होने का डंडा मारते रहे, हमने जो कुछ इंटरमीडिएट कक्षाओं, हाई स्कूल के लिए स्लेबस बनाया है, मैं बहुत विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि वह हमारे देश की शिक्षा को बहुत आगे ले जाने वाला पाठ्यक्रम है। विश्वविद्यालयों के लिए भी हमने कभी कोई पाठ्यक्रम तय नहीं किया, मगर हमने उन्हें कहा जरूर है कि आप परम्परागत पाठ्यक्रम पर निर्भर मच रहिए, उससे देश की समस्याओं का निवारण नहीं हो रहा। जिस पाठ्यक्रम को 40-50 साल हो गए हैं उन्हें बदलिए और मैं एक शिक्षाविद के नाते कहता हूं कि आज जिस तेजी से दुनिया बढ़ रही है और ज्ञान बढ़ रहा है तो हर पांचवे साल में पाठ्यक्रमों का पुनरीक्षण होना चाहिए और उसमें नयी-नयी बातें होनी चाहिए।

यह नहीं हो सकता कि आज भी हम पाठयक्रम में कम्युनिस्ट मैनिफैस्टो तो रखें लेकिन रूस के अंदर कम्युनिज्म का जो एक प्रकार से दिवाला निकल गया उसका उल्लेख न करें।

**श्री पवन कुमार बंसल (चंडीगढ़)** : क्या आप यह पढ़ाना नहीं चाहेंगे कि कम्युनिज्म क्या है? अगर नहीं तो इससे तो अर्थशास्त्र और राजनैतिक शास्त्र की रैली वेंस ही खत्म हो जाएगी। आप शायद कुछ कहना चाहते हैं इसलिए यह बात कह रहे हैं।

**डा. मुरली मनोहर जोशी** : जरुर पढ़ाना चाहिए लेकिन कम्युनिज्म कैसे विफल हुआ यह भी पढ़ाया जाना चाहिए। मैं जानता हूं कि आपको कुछ तकलीफ होगी। मैंने कहा कि मार्कसिज्म और कम्युनिस्ट मैनिफैस्टो को ही पढ़ाया जाए और उसके आधार पर चलने वाली सोवियत व्यवस्था कैसे असफल हो गयी उसको न पढ़ाया जाए, यह नहीं चल सकता। हम जानते हैं कि आज आप इनसे दोस्ती करना चाहते हैं।

MR. CHAIRMAN: Shri Pawan Kumar Bansal, he is not yielding.

...(*Interruptions*)

DR. MURALI MANOHAR JOSHI: Yes, I am not yielding. ...(*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, we thought him to be a little more informed. ...(*Interruptions*)

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL : Sir, the word "communism" should not be an anathema for him.

DR. MURALI MANOHAR JOSHI: I have not said it. What I have said is this....(*Interruptions*)

SHRI M.V.V.S. MURTHI (VISAKHAPATNAM): A socialist society is a knowledge-based society. No "ism" will work. We want a knowledge-based society. Only knowledge can sustain us.

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** अगर पूंजीवाद पढ़ाया जाए तो उसके फैल्योर भी पढ़ाए जाएं, यह सवाल है। सम्मानित सदस्यों ने अभी एक बात कही कि विश्वविद्यालयों के स्तर पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मैं इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं और "नेशनल एक्रीडेशन एंड असैसमेंट कॉउंसिल" इसी लिए बनी है। मैं इससे सहमत हूं कि विश्वविद्यालयों के अध्ययन-अध्यापन और गुणवत्ता पर गहराई से विचार होना चाहिए और उससे उन्नयन के लिए काम किया जाना चाहिए। लेकिन इस मामले को ठंडे दिल से विचार किया जाना चाहिए। जहां आप शिक्षा की उन्नति के लिए इतने अच्छे विचार दे रहे हैं और इस सदन का ध्यान आकृट कर रहे हैं कि इस पर मजबूती से काम करने की जरुरत है तो " नेशनल एक्रीडेशन एंड असैसमेंट कॉउंसिल" के काम को करवाने में हमारी मदद करें। पहले सन 2000 तक विश्वविद्यालयों को अपने स्तर की जांच करवाने की बात रखी गयी थी। हम फिर उनसे हाथ जोड़कर विनती कर रहे हैं कि भाइयो, इस स्तर के मामले में अन्तर्राट्रीय स्तर तक पहुंचने में आप अभी कितने पीछे हैं इस बात को भली-भांति समझ लीजिए। अभी हमारे एक मित्र ने बतलाया कि मद्रास में विश्वविद्यालय पांच-सितारा विश्वविद्यालय बने हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वे कोई पक्षपात के साथ तो नहीं बने। उसकी कमेटी के बारे में कोई बात हो कि वहां पक्षपात था और वहां माननीय करुणानिधि जी ने बैठकर उसको पांच-सितारा विश्वविद्यालय का सर्टिफिकेट दे दिया और उसको मान लिया गया। ऐसी बात नहीं है। विद्वान लोग वहां जाते हैं और उसमें एक आदमी नहीं होता है, एक पूरी कॉउंसिल है और वह खुले रूप से विचार करती है और उसके मानदंड तय हैं कि उन विश्वविद्यालयों में क्या सुविधाएं हैं, लाइब्रेरी है या नहीं है, पुस्तकें कितनी हैं, छात्रावास कैसे हैं, अध्यापक हैं या नहीं है, रिसर्च हो रही है या नहीं हो रही है - यह सब मानदंड उसमें लिखे हुए हैं। वह मानदंड सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक हैं। वे जिस स्तर पर पहुंचते हैं वही उसकी रेटिंग होती है और यह अन्तर्राट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त चीज है। हमारे मित्र बता रहे थे कि दुनिया में हमारे शिक्षा-संस्थानों की कदर होनी चाहिए। लेकिन वह तभी होगी जब हमारे विश्वविद्यालय की अन्तर्राट्री रेटिंग होगी। जब उन्हें मालूम होगा कि यह पांच-सितारा, चार सितारा या तीन सितारा विश्वविद्यालयों से पढ़कर आये हैं तो वे समझ जाएंगे कि इनका स्तर क्या है? इसमें किसी प्रकार की झिझक हमें नहीं होनी चाहिए। अगर कोई विश्वविद्यालय स्तर में कम है तो उसके स्तर को बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए, इस पर हमें विचार करना होगा और हम उनकी मदद भी करेंगे। जहां कमियां हैं वे भी बताएंगे और उनको सुधारने के लिए मदद भी करेंगे। मगर यह नहीं हो सकता है कि विश्वविद्यालय खुल जाएं और उनमें सुविधाएं न हों और वे सभी बराबर मान लिये जाएं। इसलिए अपने सभी माननीय सदस्यों की तरफ से जब भी किसी विश्वविद्यालय की बात की जाए कि एक्रीडेशन नहीं होना चाहिए।

उसका वे समाधान करें और उन्हें समझायें कि एक्रीडिटेशन आवश्यक है। अगर सदन की ओर से इस संबंध में कुछ सुझाव आते हैं या माननीय सदस्य इस संबंध में बतायेगे कि एक्रीडिटेशन और उसको ट्रासपीरेंट बनाने के लिये क्या करना चाहिये, उस पर हम विचार करेंगे और जो जरूरी होगा, उनको हम स्वीकार भी करेंगे। हम चाहते हैं कि इस संबंध में सदन हमारी मदद करे। माननीय सदस्य अपने अपने राज्यों को प्रोत्साहित करें कि वे एक्रीडिटेशन करायें । श्री बंसल जी विश्वविद्यालयों की परिस्थिति से परिचित हैं। वे स्वंय पंजाब विश्वविद्यालय् से संबंधित रहे हैं। आप उनसे पूछें कि एक्रीडिटेशन के फार्मस और नार्म्स क्या हैं। उसमें आपके जो सुझाव होंगे, हम उन पर जरूर विचार करेंगे और कौंसिल को भेजेंगे कि ये सुझाव अंदर शामिल करो। एक्रीडिटेशन और बेहतर हो, उसका विरोध नहीं होना चाहिये। यह बहुत ही महत्वपूर्ण चीज है। हमें भी पता चले कि किस विश्वविद्यालय का स्तर कहां है।

आज देश में लगभग 250 विश्वविद्यालय हैं जिसमें कहा जाता है कि एक सैंटर फार एक्सीलेंस बनना चाहिये। कोई भी सरकार 250 विश्वविद्यालयों में सैंटर आफ एक्सीलेंस नहीं बना सकती। जिनमें क्षमता है, उनको छांटना पड़ेगा। मैंने स्वयं कैबिनेट में इस बात की सलाह दी थी। इसके लिये एक कमेटी भी बनी हुई है जो छांटने का काम करेगी कि किस तरह से केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अंतरराट्रीय लैवल पर ले जाने के लिये सैंटर फार एक्सीलेंस बनायें। इसमें वैज्ञानिकों की राय ली जाये कि हमारा बैंच मार्क क्या है। आपके जो सुझाव आयेंगे, उन्हें हम सहज में स्वीकार करेंगे। मैं तो चाहूंगा कि आप शैक्षणिक संस्थाओं से सम्पर्क करें और जो वास्तविक कठिनाइयां हैं, उनके बारे में बतायें। हम इसमें आपकी पूरी मदद करेंगे।

यह कहा गया है कि इसमें रीजनल इम्बैलेंसेज़ है। यह ठीक है लेकिन ऐसा कुछ ऐतिहासिक कारणों से हैं जिन्हें हम यथाशक्ति दूर कर रहे हैं। इसीलिये डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का रास्ता निकाला गया है ताकि हम कानूनी झंझटों में पड़कर व्यर्थ ही समय खराब न करे और विलम्ब न हो। यदि राज्य सरकार उसके लिये सहमत है तो हम उन्हें डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा देंगे लेकिन एक्रीडिटेशन कराना होगा, वे उस दायरे से बाहर नहीं। अगर कुछ संस्थायें अच्छी निकलती हैं तो उन्हें आगे लायेंगे और उन्हें डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी बनायेंगे। हमने नैनी इंस्टीट्यूट को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी बनाया है। यह बहुत सालो से रुका हुआ था। माइनौरटीज इंस्टीट्यूट है जो क्रिश्चियन्स रन करते थे। उसको पूरा एग्जामिन किया गया और यह देखा गया कि यह अपने स्तर पर है और डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी है। श्री धर्मराज सिंह जी को खुश होना चाहिये कि यह कोशिश की जा रही है। आप शिक्षा का स्तर बढ़ायें, शिक्षा को फैलायें मगर दोनों में सामंजस्य् बैठाना पड़ेगा। ऐसा न हो कि शिक्षा का स्तर न बढ़े और उसका विस्तार होता जाये। ऐसा भी न हो कि शिक्षा बढ़े लेकिन उसका विस्तार न हो। हम इसके लिये पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुये प्रसन्नता हो रही है कि इस मामले में बहुत सी संस्थाओं की तरफ से डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी बनाने के लिये आवेदन पत्र आये हैं जिन पर यू.जी.सी. विचार कर रहा है।

एक सवाल यहां पर उठाया गया कि विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में गिरावट आयी है। मैं इस बात को स्वीकार करता हूं।

SHRI V.M. SUDHEERAN (ALLEPPEY): The Government has sent a proposal for giving the status of a `deemed' university to Kerala Kala Mandalam.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: The UGC is examining it. I have those details on my fingertips. Do not worry about it. मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं कि जहां केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में कमी आयी है, कुछ में गुणवत्ता बढ़ी भी है लेकिन राज्य सरकारों द्वारा चलाये गये कम विश्वविद्यालयों में यह गुणवत्ता बढ़ी है और ज्यादातर में यह गुणवत्ता या तो अपनी जगह पर है या गिरी है।

श्री राजो सिंह जी ने बिहार का उदाहरण दिया, मैं मानता हूं कि पटना विश्वविद्यालय एक समय देश के बहुत ही प्रतिठित विश्वविद्यालयों में से एक था और हाल ही के 10-15 साल पहले तक पटना विश्वविद्यालय के कुछ संकाय, कुछ फैकल्टीज अपना बहुत ही ऊंचा स्तर रखती थीं। लेकिन जिस तरह के हालात बिहार के अंदर पिछले सालों में हुए हैं उससे पटना विश्वविद्यालय को भी गहरा नुकसान पहुंचा है। विश्वविद्यालयों के अध्यापकों की अगर कई महीनों तक इस बारे में हड़ताल चलती रहे कि जो वेतनमान दिये जाने चाहिए थे, वे नहीं मिले हैं और जिसका पैसा केन्द्रीय सरकार दे रही है तो उससे स्तरों में गिरावट आती है, परीक्षाएं डिस्टर्ब हो जाती हैं और स्तर खराब हो जाते हैं। हम यह जरूर चाहेंगे कि अगर वहां राज्य सरकार कदम बढ़ायें और पटना विश्वविद्यालय के लिए कुछ ठोस योजनाएं बनायें, जिसे यू.जी.सी.स्वीकार करे, तो मुझे बहुत प्रसन्नता होगी, अगर इस तरह का कोई कार्यक्रम वहां बन सके और पटना विश्वविद्यालय का स्तर ऊंचा उठ सके। हम जरूर चाहेंगे इस क्षेत्र में एक विश्वविद्यालय बढ़े।

मैं आपको बताऊं कि हमने टैक्नीकल एजूकेशन की जो आई.टी. की रिपोर्ट थी, उसमें हमने बिहार इंजीनियरिंग कालिज वगैरह ऐसी संस्थाओं का उच्चीकरण करने की सिफारिश की हुई है। लेकिन हमें इस बारे में बिहार सरकार से भी सहयोग मिलना चाहिए, क्योंकि शिक्षा संस्थाओं के प्रबंध की जिम्मेदारी वहां उनके पास है। जिस तरह से वे आगे आना चाहते हैं हम उनका उन्नयन करने में कभी पीछे नहीं रहेंगे।

सम्मानित सदस्य ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बारे में एक सवाल उठाया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों का एक सम्मेलन अभी पिछले दिनों दिल्ली में हुआ था। उसमें न केवल भारत में बी.एच.यू. के पुरातन छात्र बल्कि विदेशों में बी.एच.यू. के जो छात्र गये हैं, वे सभी आये थे और उन्होंने एक समिति का निर्माण करने की सिफारिश की है, जिसे हमने स्वीकार किया है और उस समिति से हमने यह कहा है कि वह बी.एच.यू. के बारे में, वहां की कार्य प्रणाली के बारे में और वहां की प्रगति के लिए अन्य सुझावों के बारे में हमें सहायता दे, हमें मदद करे और यह भी बताये कि वहां के पुरातन छात्र बी.एच.यू. के लिए किस तरह से मदद कर सकते हैं। आपको जानकार खुशी होगी, यह कहा जा रहा है कि हम शिक्षा को प्राइवेटाइज कर रहे हैं, नहीं, हम उच्च शिक्षा के अंदर एक छोटा सा यह प्रश्न रख रहे हैं कि भाई आप उच्च शिक्षित होकर गये। आपको समाज ने इतना खर्च करके पढ़ाया, आपको डाक्टर बनाया, आपको इंजीनियर बनाया, आपको प्रोफेसर बनाया। जिस संस्था ने आपको इस लायक बनाया, उस संस्था के लिए आपका कुछ फर्ज बनता है या नहीं। भारतीय परम्परा में यह फर्ज हम लोग स्वीकार करते हैं कि ऐसी शिक्षा संस्थाओं के लिए हम कुछ करें। हमारे यहां यह परम्परा रही है।

सभापति महोदय, मैं जिस स्कूल में पढ़ा हूं वहां का हर कमरा समाज के किसी न किसी व्यक्ति ने अपने माता-पिता, दादा-दादी, बहन-भाई आदि के नाम पर बनवाया था। यह प्राइवेटाइजेशन नहीं है। शिक्षा संस्थाओं में ऐसी मदद समाज के द्वारा मिले और यह मदद आज भी मिल रही है। यह मदद एक फोकस्ड रूप में विश्वविद्यालय के पास आये, हम इसकी चेटा कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जब यह सवाल हमने आई.आई.टी के छात्रों के सामने रखा था तो उनमें से अनेक छात्रों ने यह पेशकश की है कि वे आई.आई.टी. की उन्नति के लिए, वहां रिसर्च बढ़े, वहां अच्छी फैकल्टीज आयें, इसके लिए अपनी सम्पत्ति में से दान देना चाहते हैं। हमने उस दान को स्वीकार करने के लिए कुछ शर्ते लगाई हैं। हम उसे बिना किसी ऐसे रूप में स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि उनका अधिकार उन संस्थाओं के ऊपर हो जाए। हमने उनसे कहा है कि हम इसका स्वागत करते हैं, अगर आप अपने कर्त्तव्य के रूप में अपना अंशदान यहां देना चाहते हैं। हम इसे जरूर स्वीकार करेंगे, हम उसे लेंगे, इसकी जरूरत है।

अभी मैं गुजरात गया था, कहा जाता है कि हमारी नीति क्या है, आपको जानकर खुशी होगी, आज मैं सदन को बताना चाहता हूं कि हमने 29 जनवरी को सारे गुजरात की शिक्षा का और शिक्षा संस्थाओं की स्थिति का मोटा सा आकलन किया तो 29 तारीख को डेढ़ सौ करोड़ रुपये फॉर दि रीकंस्ट्रक्शन ऑफ गुजरात ऐजूकेशन् हमने अपनी मिनिस्ट्री के फंड से इसी साल के बजट में दिया है।

प्रधान मंत्री राहत कोा या बाकी लोगों ने जो दिया वह अलग है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि गुजरात में भारी भूकंप के बाद भी वहां दसवीं कक्षा, बारहवीं कक्षा और विश्वविद्यालय की प्रत्येक परीक्षा समय पर होगी, रिज़ल्ट्स समय पर निकाले जाएंगे और पढ़ाई चालू है। सब विश्वविद्यालय काम कर रहे हैं। हमने जितना भी उनका नुकसान हुआ है, उसका मूल्यांकन करके उनको पैसे दिये हैं, बल्कि उससे ज्यादा पैसे दिये हैं। आज मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने गुजरात में वे बच्चे जो अनाथ हो गए, उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था की है। जो बच्चे आज सदमे में हैं, जो अभी तक उस विभीाकिा की याद से उभर नहीं पाए हैं, उनके लिए हमने ट्रॉमा रिकवरी सेन्टर्स बनाए हैं। वे बच्चे जब मलबे का ढेर देखते हैं तो घबरा जाते हैं कि उनका कोई रिश्तेदार उसमें दबकर मर गया था। वे बच्चे भयग्रस्त हो जाते हैं। उन बच्चों के लिए हमने व्यवस्थाएं कर दी हैं। 29 जनवरी से 17 फरवरी के बीच के 18 दिनों में हमने ये व्यवस्थाएं की हैं। हम शिक्षा के लिए चिन्तित हैं और हमारा दृढ़ मत है कि ऐसा करने में हमेशा शिक्षा और शिक्षा संस्थाओं की तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए।

एक सवाल विश्वविद्यालय के लिबरलाइजेशन के संबंध में उठाया गया। हिन्दुस्तान में यह प्रचार कई बार किया जाता है कि शिक्षा इस तरह से लिबरलाइज की जा रही है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से हटना चाहती है। यह बिल्कुल भ्रामक बात है। संविधान में 6 से 14 वर्ा तक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने की जिम्मेदारी सरकार पर डाली जा चुकी है। उससे कोई बच नहीं सकता। इसके बाद भी संविधान केन्द्र सरकार के प्रति एक जिम्मेदारी डालता है स्टैण्डर्ड्ज को ठीक रखने का, कोर्डिनेशन करने का और सरकार को यह उम्मीद है कि हमारी जो नीति है कि अगर इस देश ने उन्नति करनी है, अगर इस देश को हमें आगे ले जाना है तो हमारे देश के नौजवान उच्चतम शिक्षा प्राप्त करें, अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त करें, उनमें प्रतिस्पर्द्धा हो और हम उन्नति करें। उसमें सरकार आगे आएगी, उद्योगपति आगे आएंगे और पुराने छात्र आगे आएंगे। यह सम्मिलित प्रयास हो, इसमें सरकार अपनी जिम्मेदारी से हटेगी नहीं, लेकिन सरकार बाकी समाज को भी अपनी जिम्मेदारी से परिचित कराएगी। हमने उद्योगपतियों के साथ यू.जी.सी. के साथ, साइंस एंड टेक्नोलॉजी की कमेटी के साथ बराबर विमर्श किया है और हम जानते हैं कि जब तक आने वाले

10-20 सालों की औद्योगिक नीति, रिसर्च नीति और शिक्षा नीति में तालमेल नहीं होगा, तब तक देश की बहुत सी समस्याओं का निवारण नहीं होगा। इसलिए हम बार-बार कहते हैं कि देश को इन नए वियों की आवश्यकता है। उन नए वियों की तरफ विश्वविद्यालयों को ध्यान देना चाहिए। यह हिडन एजेन्डा नहीं है, सैफ्रनाइजेशन नहीं है, मॉडर्नाइजेशन है। शिक्षा को भारत के वर्तमान और भविय से जोड़ने का प्रयत्न है। अभी जनगणना के आंकड़े आएंगे तो आपको पता लगेगा कि पिछले दो-तीन सालों में हमने शिक्षा में क्या प्रगति की है और आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जो कुछ नए आंक़ड़े आ रहे हैं, जो सर्वेक्षण किये गये हैं, एन.एस.एस.ओ और एन.एफ.टी. के द्वारा, वे बहुत उत्साहजनक हैं और देश को प्रसन्न होना चाहिए कि हम आगे बढ़ रहे हैं।

एक बात फीस की उठाई गई। मैं इस बारे में बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि फीस बढ़ाने का उद्देश्य गरीब छात्रों को वंचित करना नहीं है। मैं जब विश्विद्यालय में पढ़ता था तो मेरी बी.ए. की फीस 12 रुपये जाती थी और विश्वविद्यालय के एक अध्यापक की तनख्वाह 250 रुपये से 300 रुपये होती थी। आज सन् 2001 में भी अनेक विश्वविद्यालयों में फीस 12 रुपये या 15 रुपये है जबकि अध्यापक की तनख्वाह 12000 रुपये से 15000 रुपये है। जब मैं पढ़ता था तो इंटरनेशनल जर्नल का दाम करीब 1500 रुपये था और आज वह 15000 रुपये से 20000 रुपये में आता है।

जब मैं पढ़ता था तब भी होस्टल के डबल सीटेड रूम का किराया दस रुपया था और आज भी बहुत से विश्वविद्यालयों में वही है। उस जमाने में बिजली की यूनिट दो आने या चार आने होती थी लेकिन आज वह कहां पहुंच गई है ? यह यूज़र्स के चार्जेज, बिजली खर्च का पैसा कौन देगा? होस्टल में जो छात्र रहेंगे, वही देंगे या उन्हीं के अभिभावक देंगे।

आज यह कहा जाता है कि गरीब और निर्धन वर्ग के छात्रों को ऊंची शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, तो यह बात गलत है। मैं आपको बड़े शहरों के उदाहरण देता हूं कि वहां क्या हो रहा है। दिल्ली के विश्वविद्यालयों में क्या हो रहा है ? जो बच्चे जिनके माता-पिता 1000 रुपये, 1200 रुपये, 2000 या 3000 रुपये महीना खर्च करके उन्हें पढ़ा रहे हैं, वह अच्छे अंक से इंटरमीडिएट पास कर रहे हैं और वही अपने अंकों के बल पर सेंट स्टीफन या बाकी और कालेजेस में आ रहे हैं। ऐसा हमने सर्वेक्षण कराया है। कुछ विश्वविद्यालय ऐसे हैं जहां सालाना खर्च 1 लाख 80 हजार रुपये प्रति छात्र है और वही छात्र जब विश्वविद्यालय में आये और 12 रुपये फीस दे और फीस बढ़ने के ऊपर आंदोलन करे तो यह बात मेरी समझ में नहीं आती। संभवतः सदन के सभी सम्मानित सदस्य भी उससे सहमत नहीं होंगे। हां, वे मेधावी बच्चे जो निर्धन हैं या जो 12 रुपये भी फीस के नहीं दे सकते, हम उनके लिए व्यवस्था करते हैं। उसके लिए उनको छात्रवृत्तियां दी जायें, पुस्तकें दी जायें और अगर जरूरी समझें तो उनको ऋण भी दिया जाये जिसको सोफ्टलोन कहते हैं लांग टर्म पैमेंट के आधार पर मगर उसमें भी कठिनाइयां आती हैं। जिन वियों के पढ़ने पर उद्यम या नौकरी सुनिश्चित है, उसके लिए ऋण सरलता से मिल जाते हैं लेकिन जिन वियों के पढ़ने के बाद कोई व्यवसाय, उद्यम, धंधा या नौकरी मिलना कठिन है, उनके लिए ऋण भी कठिनाई से मिलता है। हमारे देश में अभी ऐसे ट्रस्ट और फाउंडेशन नहीं हैं जैसे दुनिया में और स्थानों पर है जो छात्रों की मदद करते हैं। मैं चाहूंगा कि इस दृटि से देश विचार करे और कुछ न कुछ व्यवस्थायें उनके लिए की जायें। मगर सरकार के स्तर पर मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि कोई मेधावी छात्र इसलिए शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा कि वह फीस नहीं दे पा रहा। यह मेरा सदन को आश्वासन है कि जो स्कीम्स हमने बनाई हैं, उसमें इस बात का प्रावधान है लेकिन जो दे सकते हैं, वे दें। जब मैं विश्वविद्यालयों के छात्रों को देखता हूं कि वे महीने में एक या दो बार और कुछ तो उससे भी ज्यादा सिनेमा जाते हैं तो आज सिनेमा के एक टिकट का दाम क्या है--50 या 100 रुपये। विश्वविद्यालय की फीस क्या है--12 रुपये। ऐसी स्थिति में अगर हम यह कहते हैं कि विश्वविद्यालयों की फीस बढ़ाई जाये तो यह कोई अनुचित बात नहीं। इससे विश्वविद्यालयों के साधन भी बढ़ेंगे और विश्वविद्यालयों के पास कुछ अपना पैसा भी आयेगा। जो ऐसा खर्चा है जिसे वह बर्दाश्त कर सकते हैं जैसे सिनेमा का खर्चा छात्र बर्दाश्त कर सकता है तो फीस भी 12 रुपये के बदले 50 रुपये या जो भी विश्वविद्यालय तय करे, वह दे सकता है। उसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस सवाल को राजनीति से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए। विश्वविद्यालय कहां से पैसा लायेगा। सरकार जितना दे सकती है, उसमें अगर 20 प्रतिशत भी वृद्धि हो जाये तो भी काम चलने वाला नहीं है। जिस गुणवत्ता की हम चिंता करते हैं और जिसके बारे में हम आग्रह कर रहे हैं तो उस गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए कुछ न कुछ प्रयत्न करना ही पड़ेगा और सबको मिलकर साथ देना पड़ेगा। मैं इस मामले में सदन का सहयोग चाहता हूं उन सभी लोगों से और खासकर उन सभी पार्टियों से जो फीस वृद्धि का विरोध अनुचित कारणों से कर रहे हैं। हां, अगर विश्वविद्यालय की फीस 1000 रुपये हो गई तो उसे जरूर हमारे सामने लाइये। हम उसको दुरुस्त करेंगे लेकिन एक सीमित दर से धीरे-धीरे विश्वविद्यालयों की फीस बढ़ाने का एक बहुत ही उचित और सटीक तर्क है और उसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

यह भी कहा गया कि विश्वविद्यालयों के कुछ अध्यापक अपनी मांगों को लेकर परेशान हैं। सदन में कल इस मामले में एक प्रश्न आया था परन्तु दुर्भाग्य से सदन नहीं चल सका। उस प्रश्न के उत्तर में मैंने सब बातें स्पट की हैं। जुलाई 1998 में जो वचन हमने विश्वविद्यालय के अध्यापकों को दिये थे, उसमें से हमने हरेक को निभा दिया है। किसी को हमने पीछे नहीं छोड़ा है। जिस कैरियर प्रमोशन की बात की जा रही है, उसके बारे में यू.जी.सी. ने उन्हें साफ कह दिया है कि वह मान्य नहीं है। वह कैरियर प्रमोशन स्कीम कालेज में रीडर तक भी लागू है और विश्वविद्यालयों के विभाग में प्रोफेसर तक के लिए भी लागू है।

मैं सभी अध्यापक मित्रों से अपील करना चाहता हूं कि वे इस मामले को ठंडे दिल से सोचें। आज जब गुजरात जैसी त्रासदी हमारे सामने है, पिछले एक र्वा में जहां कारगिल युद्ध और उड़ीसा का सुपरसाइक्लोन और इतने बड़े प्रकरण हमारे देश में त्रासदी के हुए हैं, ऐसे समय उन्हें बच्चों के इम्तहान के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। उनकी जो भी बातें हैं, वह यू.जी.सी. से हो रही हैं, होती रहेंगी, बातचीत से हमेशा चीजें सुधर सकती हैं, उसकी तरफ आगे बढ़ना चाहिए। लेकिन जो बात संभव नहीं है, अनुचित है।â€¦( व्यवधान)

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) :** आपने अभी जो कहा, फैडकूटा के लोग कल हमसे मिले थे। विभिन्न दलों के कुछ एम.पीज़ और भी थे। सभी से मिले थे, बात हुई थी। हम नहीं जानते कि उनका केस कितना सही है, कितना गलत है। हमने केवल यह जरूर कहा कि हम मंत्री जी से अनुरोध करेंगे कि उनके पक्ष को भी सुन लिया जाए, वह भी सरकार के पक्ष को सुनें और कोई व्यावहारिक रास्ता निकाल लिया जाए। जहां तक परीक्षाओं के समय में हड़ताल या स्ट्रीट्स में आने का सवाल है, हम सारे मैम्बर्स ऑफ पार्लियामैंट ने स्पट रूप से उनसे कह दिया कि यदि आप बच्चों के भविय के साथ खिलवाड़ करेंगे तो हमारी कोई सहानुभूति आपके साथ बिल्कुल नहीं रहेगी। उन्होंने यह आश्वासन दिया है कि ऐसा नहीं करेंगे।

â€¦( व्यवधान)

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी :** बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इसी राय का हूं।

एक बात अंत में और कही गई है।â€¦( व्यवधान)

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) :** आप उन्हें बुला लें, बात कर लें।â€¦( व्यवधान)

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी :** मेरी विद्यालय में उनसे पूरी बात होती रहती है कि इस मामले में एक नैशनल लैवल का बिल आना चाहिए जो सारे विश्वविद्यालयों के लिए एक गाइड का काम करे। यह एक महत्वपूर्ण बात है क्योंकि विभिन्न राज्य सरकारों में विभिन्न विचारधाराओं से शिक्षा के बारे में काम करने वाले लोग हैं। मुझे बड़ी खुशी होगी अगर इस मामले में कोई कनसैन्सस बने और बिना शक-ओ-शुबहा के बने।

आज सवाल यह है कि अगर कोई अच्छे से अच्छा कदम उठाया जाता है तो उसका एक राजनैतिक विरोध जरूर कर दिया जाता है। वह आप करें लेकिन कम से कम

उसके अंदर जो शिक्षा की प्रगति के लिए कदम उठाए गए हैं, उनमें सुधार करने की और उनको आगे करने की मदद भी करें। शिक्षा से केवल मैं, मेरी पार्टी या मेरी सरकार ही प्रभावित नहीं है, सारा देश प्रभावित हो रहा है। बच्चे सभी राजनैतिक पार्टियों से संबंधित हैं। उनके माता-पिता किसी न किसी पार्टी में तो होंगे ही। यह देश है, जनतंत्र है। लेकिन देश की प्रगति के लिए सभी नवयुवकों का, उनकी प्रतिभा का विकास होना चाहिए।

**श्री रूपचन्द पाल** : इसलिए आपको सही रास्ते में आना पड़ेगा। â€¦( व्यवधान)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: It is a hackneyed argument. Please do not beat the same thing. Nobody listens to it. ...(*Interruptions*) वह बहुत अच्छी तरह से सुन लिया गया है और माफ कीजिए, देश पर उसका कोई प्रभाव नहीं है। सब लोग शिक्षा को उचित मान रहे हैं और हमारे कदम का समर्थन कर रहे हैं। आपको उसका विरोध करने की पूरी आजादी है और मैं आपको यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि आपके विरोध के बावजूद यह देश शिक्षा में आगे बढ़ेगा और बढ़ कर दिखाएगा।â€¦( व्यवधान)

**श्री रूपचन्द पाल :** आपके एन.डी.ए. के अंदर भी लोग सहमत नहीं हैं।â€¦( व्यवधान)

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी :** मुझे आपसे इतना ही कहना है कि आप पश्चिम बंगाल को शिक्षा में पीछे मत रखिए, उसे देश की मुख्य धारा के साथ मिलने दीजिए, उसे आगे लाने दीजिए, वर्ना मुझे कहने पर मजबूर मत कीजिए कि अनइम्प्लॉयमैंट रेट सबसे ज्यादा आपके यहां बढ़ रहा है।â€¦( व्यवधान)

**श्री रूपचन्द पाल :** एक करोड़ रिफ्यूजीस आए थे, सरकार की तरफ से क्या किया गया? आपने भी नहीं किया, पिछले कांग्रेस राज ने भी नहीं किया।

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी** : शिक्षा के मामले में आपकी चिन्ता मुझे बहुत अच्छी तरह मालूम है।

â€¦( व्यवधान)मैं सदन से अनुरोध करूंगा कि इस महत्वपूर्ण विाय पर जो चर्चा हुई हैâ€¦( व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** पंजाब यूनीवर्सिटी के रिसोर्सेस का मसला आपके पास है।

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी** : मेरे पास अभी नहीं आया है। हो सकता है कि मंत्रालय में नीचे कमेटी के सामने विचार हो रहा हो।â€¦( व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** कृपा करके आप उसको कर दीजिए,बहुत मुश्किल हो रही है।

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी** : मेरे पास आएगा तो मैं उसे जरूर देखूंगा। लेकिन मुझे यह भी देखना पड़ेगा कि उसमें केन्द्र सरकार का कितना दायित्व है और किस-किसने अपना दायित्व नहीं निभाया है।â€¦( व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** यूनियन टैरीटरी है, उस पर आप करवा दीजिए।

**डॉ.मुरली मनोहर जोशी** : मैंने आपकी बात सुन ली है और कहा है कि इस मामले में मेरे मंत्रालय से संबंधित जो बात होगी, उसको देखेंगे। यूनियन टैरीटरी का ि वश्वविद्यालय होने से वह गृह मंत्रालय के मार्फत हमारे पास आता है।

उस पर सीधे मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अधिकार नहीं है। जैसे दिल्ली विश्वविद्यालय केन्द्रीय सरकार चलाती है, उससे सीधे हमारा सम्पर्क है, उस तरह से यदि पंजाब विश्वविद्यालय चलाती होती तो सीधे हमारे पास आता, लेकिन वह गृह मंत्रालय से घूम कर आता है। इसलिए उनके साथ विचार-विमर्श करना पड़ता है। हम उनसे विचार-विमर्श करेंगे। लेकिन आप पंजाब विश्वविद्यालय के उपकुलपति से तो संतुट हैं।

**श्री पवन कुमार बंसल** : जी हां।

**डा. मुरली मनोहर जोशी** : यह एक और नमूना है, हमारे चांसलर महोदय ने नियुक्ति की है, ढंग से नियुक्त किया है और पैनल को समझकर नियुक्त किया है।

**श्री पवन कुमार बंसल** : जो बात वे कह रहे हैं, वे मान लें। वहां हालत खराब हो रही है।

**डा. मुरली मनोहर जोशी** : आपकी चिंता मैं समझता हूं, क्योंकि आप चंडीगढ़ से सम्बन्धित हैं। इसलिए उसका क्या भविय होगा, मैं समझता हूं।

**श्री पवन कुमार बंसल** : तीन करोड़ रुपए का डेफिसिट बढ़ा है।

**डा. मुरली मनोहर जोशी** : मैं सम्मानित सदस्यों से इस बात का अनुरोध करूंगा कि जो आज यह विधेयक प्रस्तुत किया गया है, इसे पारित करें और इस 1904 के अधिनियम को हमारी स्टेचुटरी बुक से निकालने के लिए सरकार को आदेश दें। यह राज्य सभा द्वारा पारित हो चुका है इसलिए मैं अनुरोध करूंगा कि इसे स र्वसम्मति से पारित किया जाए।

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That the Bill to repeal the Indian Universities Act, 1904, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration. "

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 2 was added to the Bill.*

Clause 1

संशोधन किया गया:

पृठ 1, पंक्ति 2,--

"2000"_के स्थान पर "2001" प्रतिस्थापित किया जाए। (2)

**(डा. मुरली मनोहर जोशी)**

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That clause 1, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 1, as amended, was added to the Bill.*

-------

**Enacting Formula**

संशोधन किया गया:

पृठ 1, पंक्ति 1,--

"इक्यावनवें" के स्थान पर "बावनवें"प्रतिस्थापित किया जाए। (1)

**(डा. मुरली मनोहर जोशी)**

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.*

*The Title was added to the Bill.*

**डा. मुरली मनोहर जोशी :** महोदय, मैं यह भी प्रस्ताव करता हूं:

"कि यह संशोधन विधेयक पारित किया जाए।"

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

*The motion was adopted.*

----